April 26, 2019

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai 400 001, India
**Scrip Code: 532835**

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza,
Plot no. C/1, G Block
Bandra-Kurla Complex
Bandra (East)
Mumbai - 400 051, India
**Symbol: ICRA**

Dear Sir/Madam,

**Sub.:- Advertisement copies**

Please find enclosed copies of the notice published in the following newspapers on April 26, 2019:

1. Financial Express
2. Jansatta

You are requested to take the above on record.

Regards,

Sincerely,

(S. Shakeb Rahman)
Company Secretary & Compliance Officer

Encl.: As above

मौसम

तापमान नई दिल्ली

अधिकतम–43.2 डि.से. सूर्योदय– 5:46

न्यूनतम– 25.0 डि.से. सूर्यास्त– 18:52



# सिग्नेचर ब्रिज पर हादसा, छात्र की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 25 अप्रैल।

दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर गुरुवार तड़के एक कार असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, एक अन्य युवक को मामूली चोटें पहुंची हैं, जबकि कार में सवार चौथे युवक का कोई पता नहीं चला है। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान मोहित उर्फ मोंटी (22) के रूप में हुई है। इस हादसे में घायल हुए विशाल की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि ऋषभ को मामूली चोटें पहुंची हैं। फिलहाल तिमारपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, मोहित अशोक नगर में परिवार के साथ रहता था। मोहित बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। बताया जा रहा है कि गुरुवार तड़के करीब सवा चार बजे मोहित अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ पराठे खाने के लिए शाहदरा गया था। पराठे की दुकान पर भीड़ होने पर उन लोगों ने पराठे बनाने का ऑर्डर दे दिया था और वह कार से सिग्नेचर ब्रिज पर घूमने आ गया। इस दौरान मोहित कार चला रहा था। एक दोस्त चालक के बगल में और दो पीछे की सीट पर बैठे थे। वह मजनूं का टीला की ओर जा रहे थे, तभी लूप में उनकी कार असंतुलित हो गई और डिवाइडर से जा भिड़ी। इसी बीच किसी राहगीर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस तीनो घायलों को पास के अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मोहित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मोहित के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया।

वहीं, विशाल की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका इलाज चल रहा है। ऋषभ को मामूली चोटें पहुंची हैं, जबकि उनके चौथे साथी का कोई पता नहीं चला है। ऋषभ भी छात्र है और इन दिनों बीसीए कर रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। सिग्नेचर ब्रिज पर यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी हादसे हुए हैं और लोगों ने असमय अपनी जान गंवाई है।



- दुर्घटना में घायल एक युवक की हालत गंभीर, एक को लगी मामूली चोट
- कार में सवार चौथे युवक का नहीं मिला कोई सुराग

**पहले भी हुए हैं हादसे**

- 23 नवंबर 2018 – मोटसाइकिल फिसलने से एमबीबीएस के छात्र और डॉक्टर की मौत।
- 24 नवंबर 2018 – मोटरसाइकिल फिसलने से एक शख्स की मौत, एक घायल।
- 12 दिसंबर 2018 – डीजे सिस्टम का ट्रक पलटने से तीन लोग हुए थे घायल।
- 20 दिसंबर 2018 – मोटरसाइकिल ने रिक्शे में मारी थी टक्कर, एक पुलिसकर्मी और रिक्शा चालक घायल।
- 4 जनवरी 2019 – अज्ञात वाहन चालक ने एक शख्स को कुचला था, मौत
- 16 अप्रैल 2019 – सिग्नेचर ब्रिज का तार टूटने से मोटरसाइकिल सवार की मौत।

# निर्माणाधीन इमारत की लिफ्ट के पैनल में गिरने से मजदूर की जान गई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 25 अप्रैल।

शालीमार बाग थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन इमारत की लिफ्ट बनाने की जगह (पैनल) में गिरने से मजदूर की मौत हो गई। ये लिफ्ट खुली थी। मजूदर दूसरी मंजिल पर सामान लेकर आ रहा था, तभी असंतुलित होकर पैनल में गिर गया। मजदूर की पहचान रियाजुद्दीन उर्फ राजू के तौर पर हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए अस्पताल में रखवा दिया है। वहीं, मजदूरों का आरोप है कि रियाजुद्दीन ने इस बारे में पहले भी ठेकेदार को अवगत कराया था कि किसी भी समय कोई हादसा हो सकता है। पर ठेकदार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, रियाजुद्दीन उर्फ राजू परिवार के साथ न्यू मुस्तफाबाद में रहता था। वह लकड़ी के फर्नीचर बनाने का काम करता था। बीते साल नवंबर महीने से वह अपने तीन साथियों के साथ शालीमार बाग में निर्माणाधीन इमारत में राजेश खुराना नामक ठेकेदार के साथ काम कर रहा था। रियाजुद्दीन ने राजेश को इमारत में सुरक्षा का प्रबंध नहीं होने और कभी भी हादसा होने की बात कही थी। इस पर राजेश और इमारत के मालिक ने उसे कहा था कि वे बड़ी कंपनी चलाया करते हैं। कुछ नहीं होगा। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर पौने एक बजे जब वह अपने साथियों के साथ चौथी मंजिल से एलसीडी का पैनल, जो लकड़ी का बना हुआ था। उसको लेकर दूसरी मंजिल पर लेकर जा रहा था। अचानक वह इमारत में बनी लिफ्ट के पैनल में गिर गया। सुरक्षा के मद्देनजर पैनल को घेरा तक नहीं गया था।

- चौथी मंजिल से दूसरी मंजिल पर लेकर जा रहा था सामान
- शालीमार बाग थाना पुलिस कर रही है मामले की छानबीन

## आइसीएमआर ने शुरू की दिल के दौरे के मरीजों को मदद पहुंचाने की योजना

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 25 अप्रैल।

अचानक दिल के दौरा पड़ने वाले मरीजों को तुरंत इलाज मुहैया कराके कई लोगों को बचाया जा सकता है। दौरे वाले मरीजों में स्वर्णिम घंटे (गोल्डन आवर) काफी अहम होते हैं। ऐसे मरीजों को बचाने के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) ने मोटरसाइकिल से मदद पहुंचाने की प्रायोगिक परियोजना शुरू की है। अगर यह पहल सफल रही तो बड़े पैमाने पर इस तरह से मदद की योजना चलाई जा सकती है।

आइसीएमआर के महानिदेशक डॉ बलराम भार्गव व एम्स निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया की मौजूदगी में एम्स के पूर्व निदेशक डॉ पी वेणुगोपाल ने गुरुवार को एम्स परिसर में यह आपातकालीन मेडिकल सेवा 'मिशन दिल्ली' शुरू की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसी को दिल का दौरा पड़ने या ब्रेन स्ट्रोक होने की सूरत में जितनी जल्दी इलाज मिले उतना ही अधिक फायदा होता है।

## रंगदारी मामले में और नाम आए सामने

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 25 अप्रैल।

केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा से रंगदारी मांगने के मामले में पकड़ी गई आरोपी महिला पत्रकार नीशू से गुरुवार को पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ में उसके गिरोह से जुड़े कुछ और नाम भी सामने आए हैं। पता चला है कि मुख्य आरोपी आलोक कुमार, खालिद और नीशू के अलावा भी कुछ लोग इसमें शामिल हैं, जिनकी मिलीभगत से धोखाधड़ी का काम चल रहा था। हालांकि इन नामों को लेकर पुलिस अभी पुख्ता सबूत जुटाने की कोशिश कर रही है।

## हवाई अड्डे पर खड़े विमान में अचानक लगी आग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 25 अप्रैल।

दिल्ली हवाई अड्डे पर बुधवार रात तकनीकी जांच के दौरान एअर इंडिया के एक बोइंग 777 विमान के छोटे इंजन से काला धुआं निकलता दिखा, जिसके बाद विमान को रोक दिया गया। देखते ही देखते विमान से आग की लपटें उठने लगीं। बताया जा रहा है कि यह हादसा तब हुआ जब विमान की जांच की जा रही थी। एअरलाइन ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि दिल्ली में बुधवार रात में इंजीनियर खाली विमान (777) की नियमित तकनीकी जांच कर रहा था। उसी समय ऑग्जिल्यरी पावर यूनिट (एपीयू) अपने आप बंद हो गई। एपीयू विमान का बेहद छोटा इंजन होता है और यह पीछे की ओर स्थित होता है। यह मुख्य इंजन को शुरू करने में आवश्यक विद्युत देता है।

एअर इंडिया ने बताया कि हवाई अड्डे के कर्मचारी ने एपीयू से काला धुआं निकलते हुए देखा। इसके बाद उन्होंने इस पर अग्निशमन द्रव्य का छिड़काव किया। बताया गया है कि एपीयू का कवर हटा कर देखने पर जलने या आंतरिक नुकसान की बात सामने नहीं आई। हालांकि, वहां थोड़े से तेल का रिसाव हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि यह विमान गुरुवार तड़के 3:30 बजे सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना होने वाला था। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

**आज के कार्यक्रम**

**सभा/संगोष्ठी**

**इंडिया इंटरनेशनल सेंटर** : पुस्तक पर चर्चा, सभागार-1, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे।

**प्रदर्शनी**

**इंडिया इंटरनेशनल सेंटर** : फोटो प्रदर्शनी, आर्ट गैलरी, कमलादेवी ब्लाक, मैक्समूलर मार्ग, सुबह 11 बजे से 29 अप्रैल तक।

## जामिया में 29 तक होंगे दाखिले के लिए आवेदन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 25 अप्रैल।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने अकादमिक सत्र 2019–20 के लिए बीटेक और बीआर्क सहित सभी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ा दिया है। ऑनलाइन दाखिला फॉर्म भरने की तिथि को 29 अप्रैल, 2019 तक बढ़ा दिया गया है। विद्यार्थी अपने फॉर्म में सुधारात्मक परिवर्तन 30 अप्रैल, 2019 तक कर सकेंगे। पहले आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल थी जिसे बढ़ाकर 29 अप्रैल 2019 कर दिया गया है। इस महीने की 12 तारीख तक 1 लाख 42 हजार फॉर्म भरे जा चुके हैं।

जामिया के जनसंपर्क अधिकारी और मीडिया संयोजक अहमद अजीम से मिली जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म और ई–प्रोस्पेक्टस, जामिया की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## पांच साल में पांच करोड़ कमाने का लालच देकर ढाई लाख की ठगी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 25 अप्रैल।

कनॉट प्लेस में एक शख्स से पांच साल में पांच करोड़ रुपए कमाने का लालच देकर करीब ढाई लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित को आरोपियों ने क्यू नेट नामक एक ई–कॉमर्स कंपनी में निवेश कराकर मोटी रकम वापस मिलने भरोसा दिलाया था लेकिन दो साल से अधिक समय बीत जाने के बाद पीड़ित शैलेंद्र कुमार (33) को एक रुपया भी वापस नहीं मिले तो उन्होंने बुधवार को ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने बैंक से ऋण लेकर 2 दो लाख 55 हजार रुपए आरोपियों को दिए थे। फिलहाल कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

पीड़ित शैलेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शालीमार बाग में रहते हैं और एक निजी कंपनी में मार्केटिंग रिप्रजेंटेटिव (एमआर) का काम करते हैं। काम के दौरान ही उनकी मुलाकात एक कंपनी में प्रकाश सिंह ठाकुर नामक शख्स से हुई थी। उन्होंने एक दिन प्रकाश से बातचीत की तो प्रकाश ने क्यू नेट नामक ई–कॉमर्स कंपनी में निवेश करवाने की बात कही और भरोसा दिलवाया कि पांच साल में वह पांच करोड़ रुपए कमा लेंगे।

- पीड़ित ने बैंक से लिया था कर्ज, आज भी चुका रहा है ईएमआइ
- कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दर्ज किया मामला

## मिशेल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 25 अप्रैल।

दिल्ली की एक अदालत ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआइपी हेलिकॉप्टर मामले में गिरफ्तार कथित बिचौलिये क्रिश्चियन मिशेल की एक याचिका पर गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। मिशेल की याचिका में आरोप लगाया गया है कि प्रवर्तन निदेशालय मीडिया को आरोपपत्र लीक कर मामले का राजनीतिकरण कर रहा है। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने कहा कि मामले में तीन मई को आदेश सुनाया जाएगा। इसके पहले दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें पेश कीं।


**कार्यालय वसूली अधिकारी–I, ऋण वसूली अधिकरण–III, दिल्ली**
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, पटेल चौक, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

**बिक्री की उद्घोषणा**

आर.सी. नं. 66/2014 — दिनांक 08.04.2019

बैंक एवं वित्तीय संस्थान अधिनियम, 1993 को देय ऋणों की वसूली के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) के अंतर्गत बिक्री की उद्घोषणा

**यूको बैंक बनाम मनोज चांडोक**

(सीडी नं. 1) मनोज चांडोक पुत्र हरि मोहन चांडोक निवासी डी–3/701, 7वां तल, दि लीजेंड, गांव/टाउनः गुड़गांव, डाकघर–सैक्टर–57, गुड़गांव पिन–122002
इसके साथः निवासी 281, सत्य निकेतन, मोती बाग, नई दिल्ली–110021
इसके साथः ईवैल्यूसर्व कॉम प्रा. लि., चौथा तल, टॉवर–बी, यूनाइटेड साइबर पार्क, सैक्टर–39, गुड़गांव–110021
(सीडी नं. 2) राशि चावला पत्नी मनोज चांडोक निवासी डी–3/701, 7वां तल, दि लीजेंड, गांव/टाउनः गुड़गांव, डाकघर–सैक्टर–57, गुड़गांव पिन–122002
इसके साथः निवासी 281, सत्य निकेतन, मोती बाग, नई दिल्ली–110021 इसके साथः केपीएमजी ग्लोबल सर्विस प्रा. लि., डीएलएफ बिल्डिंग नं. 10, 8वां तल, टॉवर–बी, डीएलएफ फेज–2, डीएलएफ साइबर सिटी, गुड़गांव–122002
(सीडी नं. 3) मैसर्स उन्नति फॉर्च्यून होल्डिंग्स लि. पंजीकृत कार्यालय टी–07–एलएल–02, कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज, नई दिल्ली–110092, इसके साथः मैसर्स उन्नति फॉर्च्यून होल्डिंग्स लि., कॉर्पोरेट कार्यालयः उन्नति फॉर्च्यून हाउस, बी–117, सैक्टर–67, नोएडा–201301, यू.पी.

चूंकि आप पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण–III, दिल्ली द्वारा जारी ओ.ए. नं. 466/2017/डीआरटी–III में वसूली प्रमाणपत्र के संबंध में आपकी ओर बकाया राशि रु. 61,42,755/– (इकसठ लाख बयालीस हजार सात सौ पचपन रुपए) और वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार 31.05.2017 से 11 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज एवं लागत, उपार्जित व्यय का भुगतान करने में असफल रहे हैं। और चूंकि अधोहस्ताक्षरी ने कथित प्रमाणपत्र के आलोक में नीचे अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री करने का आदेश दिया है।

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आगे किसी भी स्थगन आदेश की अनुपस्थिति में नीचे वर्णित सम्पत्ति की बिक्री 06.06.2019 को अप. 3:00 बजे से अप. 4:00 बजे के बीच (नीलामी बंद होने से पूर्व यदि आवश्यक हुआ तो बोली लगाने पर अंतिम 5 मिनट के स्वतः विस्तार के साथ) ई–नीलामी के माध्यम से बोली द्वारा की जाएगी और नीलामी "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया" द्वारा वेबसाइट http://www.drt.auctiontiger.net पर सेवा प्रदाता मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. (एबीसी प्रोक्योर), ए–201/208, वाल स्ट्रीट–2, ओरिएंट क्लब के सामने, नजदीक गुजरात कॉलेज, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद–380006, गुजरात (भारत), फोन नं.+91 079–40230808–816/817/818/821/824/831/832 फैक्स नं. +91 079–40016876 के माध्यम से आयोजित की जाएगी। किसी भी पूछताछ के मामले में श्री कुशल कोठारी, मोबाइल 08980690773 ई–मेलः kushal@auctiontiger.net श्री रिकिन, मोबाइल नं. 09978591888 ई–मेलः rikin@auctiontiger.net से सम्पर्क करें। विस्तृत जानकारी के लिए सीएच बैंक के अधिकारी श्री नेमी चंद बलोतिया, मोबाइल 8447776715, 011–23753278 से सम्पर्क कर सकते हैं।

नीचे अनुसूची में वर्णित अनुसार उपरोक्त नामित प्रतिवादी की सम्पत्ति की बिक्री की जाएगी और कथित सम्पत्ति के साथ संलग्न देयताएं एवं दावें, जिनकी अब तक गणना की गई है और उन्हें प्रत्येक लॉट के अधीन अनुसूची में विनिर्देशित किया जाएगा। कोई भी अधिकारी या व्यक्ति जिसकी डयूटी बिक्री से जुड़ी है, वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति की बिक्री में भाग लेने का कोई प्रयास नहीं करेगा। बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्धारित शर्तों और इसके अधीन बनाए गये नियमों और आगे की शर्तों का पालन करते हुए की जाएगी।

अनुसूची में दिए गए विवरण अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध अधिकतम सूचना के आधार पर वर्णित किए गए हैं लेकिन अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, मिथ्या विवरण या भूलचूक के लिए उत्तर देने का जिम्मेदार नहीं होगा।

I. सम्पत्तियों का विवरण, आरक्षित मूल्य एंव ईएमडी निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य/ईएमडी |
|---|---|---|
| 1. | सम्पत्ति फ्लैट नं. टी 2–12ए04, 12वां तल, ब्लॉक अरन्या हाइट्स, टॉवर–2, प्लॉट नं. जीएच–02, सैक्टर–119, यू.पी. पिन–201301, निर्मित एरिया 1425 वर्ग फीट, सैक्टर–119, नोएडा, यू.पी. | रु.46,00,000/– (छियालीस लाख रूपए मात्र) ईएमडीः रु.4,60,000/– (चार लाख साठ हजार रुपए मात्र) |

नियम व शर्तें:–

1. सम्पत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
2. बोली राशि रु. 1,00,000/– (एक लाख रुपए मात्र) से बढ़ायी जाएगी। बोलीदाता की ओर बोली राशि या बोली के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में को लॉट को पुनः नीलामी के लिए रखा जाएगा।
3. सबसे ऊंची बोलीदाता को किसी भी लॉट का खरीददार घोषित किया जाएगा और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। अधोहस्ताक्षरी को यदि लगता है कि प्रस्तुत की गई बोली राशि कम है और यह राशि अनुचित है तो उसके पास ऊंची बोली को निरस्त करने/स्वीकार करने का अधिकार होगा।
4. ईएमडी राशि वसूली अधिकारी–I, ऋण वसूली अधिकरण–III, दिल्ली के पक्ष में डीडी/पे आर्डर के द्वारा 03.06.2019 तक मुहरबंद लिफाफे में जमा करनी होगी। उसके बाद ईएमडी जमा करने पर ई–नीलामी में भागीदारी के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
5. बोलीदाता या बोलीदाता की ओर से नियुक्त प्रतिनिधि को निविदा में भाग लेने के लिए पैन कार्ड, पते का प्रमाण, ई–मेल आईडी, मोबाइल नं., और घोषणा पत्र, यदि वह बोलीदाता की ओर से भाग ले रहा है, को जमा करना होगा। बाद के उसे अपना प्राधिकार पत्र जमा करना होगा और ऐसा नहीं करने पर उसकी बोलियों को निरस्त कर दिया जाएगा। यदि कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा कोई प्रस्ताव पास किया गया है तो उसकी प्रति या अन्य कोई दस्तावेज जो यह प्रतिनिधित्व/कम्पनी की अटॉनी की पुष्टि करता हो और ऐसे जमा की प्राप्ति/काउंटर फाइल ई–मेल द्वारा कथित सेवा प्रदाता या सीएच बैंक के पास पहुंच जानी चाहिए या कथित तिथि तक ऐसे दस्तावेजों की हार्ड कॉपी वसूली अधिकारी–I, डीआरटी–III, दिल्ली के पास जमा करनी होगी।
6. सफल बोलीदाता को बोली समाप्त होने के अगले बैंक कार्य दिवस को अप. 3.00 बजे तक उपरोक्त पैरा में वर्णित विवरणों के अनुसार कथित खाते में ईएमडी के समायोजन के पश्चात लगाई गई बोली की 25 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
7. खरीददार को सम्पत्ति की बिक्री की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15वें दिन को या उससे पूर्व, ऐसे तिथि को छोड़कर, या यदि 15वें दिन रविवार या अन्य अवकाश पड़ता है तो इसके बाद आने वाले पहले दिन उपरोक्त पैरा 4 में दर्शाए गए अनुसार निर्धारित प्रक्रिया में जमा करना होगा। उपरोक्त के अलावा, उच्चतम सफल खरीददार को रजिस्ट्रार, डीआरटी–III, दिल्ली के पक्ष में देय डीडी के रूप में रु. 1000/– तक 2 प्रतिशत की दर से और रु. 1000/– से अधिक राशि पर 1 प्रतिशत की दर से पाउंडेज शुल्क वसूली अधिकारी–I, डीआरटी–III, दिल्ली के पास जमा करना होगा।
8. भावी खरीददारों द्वारा सम्पत्ति का निरीक्षण 28.05.2019 को प्रातः 11:00 बजे से अप. 4:00 बजे के बीच किया जा सकता है।
9. यदि निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक होती है तो जमा की गई राशि, बिक्री के व्यय, जैसा अधोहस्ताक्षरी जैसा उचित समझे को सरकारी खाते में जब्त कर दिया जाएगा और चूककर्ता खरीददार जमा की गई राशि या सम्पत्ति के संबंध में कोई भी दावा नहीं कर पायेगा। सम्पत्ति को नई बिक्री उदघोषणा जारी करने के बाद पुनः बिक्री के लिए रखा जाएगा। इसके अलावा खरीददार अपनी अंतिम बोली राशि और बाद में अनुवर्ती बेची गई कीमत के बीच में कमी या अंतर के लिए भी जिम्मेदार होगा।
10. सम्पत्ति "जैसा है जहां है एवं जो है जैसा है" आधार पर बेची जाएगी।
11. अधोहस्ताक्षरी किसी या सभी बोली, यदि वह अनुचित समझे तो उसे निरस्त करने या किसी भी समय नीलामी को स्थगित करने का अधिकार रखते हैं।
12. इस चरण में अधोहस्ताक्षरी के ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सम्पत्ति पर बकाया राजस्व/अधिभार या दावों का कोई विवरण नहीं है। यद्यपि, भावी बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने हित मे ईएमडी जमा करने से पूर्व सम्पत्ति पर कोई भी बकाया जैसे बिजली बकाया/पानी/हाउस कर या अन्य कोई अधिभार आदि की जांच कर लें।

आज 8 अप्रैल, 2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के साथ जारी।

न्यायालय की मोहर

(अनिल कुमार यादव)
वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली


## रामानुजन कॉलेज में मीडिया पर आयोजित हुई संगोष्ठी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 25 अप्रैल।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामानुजन कॉलेज और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'बदलता भारतीय परिदृश्य और समकालीन मीडिया' की गुरुवार को शुरुआत हुई। इसके उद्घाटन सत्र में रामानुजन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एसपी अग्रवाल ने स्वागत वक्तव्य देते हुए मीडिया के महत्त्व की चर्चा की।

इस सत्र में भारतीय ज्ञानपीठ के निदेशक डॉक्टर मधुसूदन आनंद ने बीज वक्तव्य रखते हुए आज के सूचना के दौर में मीडिया की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। आइएएस राकेश मिश्र ने लोकतंत्र और स्वाधीन मीडिया पर अपने मत प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉक्टर जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने नए और पुराने माध्यमों की चर्चा की। इस सत्र का संचालन डॉक्टर मधु कौशिक ने किया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक डॉक्टर



आलोक रंजन पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसी संगोष्ठियों के आयोजन से न केवल हमारे मीडिया के छात्र व शिक्षक समकालीन मीडिया में हो रहे परिवर्तनों से अवगत होंगे बल्कि उन्हें अपने व्यावहारिक जीवन में चरितार्थ करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के भागीदार बनेंगे। संगोष्ठी के प्रथम सत्र का विषय 'मीडिया : परंपरा, पहचान और परख' और दूसरे सत्र का विषय 'सत्ता, समाज व संस्कृति और समकालीन मीडिया' था।

## लालफीताशाही में फंसकर रुका पहली ई–मंडी का निर्माण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 25 अप्रैल।

किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलवाने के लिए अलीपुर में देश की पहली ई–मंडी बनाने का किसानों का सपना पूरा होता नहीं दिख रहा है। सरकारी लालफीताशाही में फंसकर ई–मंडी का काम पिछले पांच साल से रुका हुआ है। दिल्ली विकास समिति के अध्यक्ष हरपाल सिंह राणा ने बताया कि लघु कृषक कृषि व्यापार संघ ने 7 जून 2014 में कृषि सहकारिता व किसान कल्याण मंत्रालय को ई–मंडी बनाने के अनुरोध को 11 सितंबर 2014 को मंजूरी दी थी। इसके लिए 1.6 एकड़ जमीन अलीपुर में चिह्नित की गई साथ ही इस योजना के लिए 20 करोड़ की धनराशि भी स्वीकृत की गई।


**ICRA Limited**
Corporate Identity Number (CIN): L74999DL1991PLC042749
Registered Office: 1105, Kailash Building, 11th Floor
26, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-110 001
Telephone No.: +91.11.23357940-45
Website: www.icra.in Email ID: investors@icraindia.com

**NOTICE**

Notice is hereby given, pursuant to regulations 29 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of ICRA Limited (the "**Company**") is scheduled to be held on Thursday, May 9, 2019, *inter alia*, to consider and approve the audited financial results (standalone & consolidated) of the Company for the quarter and year ended March 31, 2019 and to recommend dividend, if any, on the equity shares of the Company for the financial year 2018-19. The above information is available on the website of the Company (www.icra.in), the BSE Limited (www.bseindia.com) and the National Stock Exchange of India Limited (www.nseindia.com).

For ICRA Limited
(S. Shakeb Rahman)
Company Secretary & Compliance Officer

Place : Gurugram
Date : April 25, 2019



**टी.वी. टुडे नेटवर्क लिमिटेड**
सी.आई.एन.: L92200DL1999PLC103001, वेबसाइटः www.aajtak.intoday.in
पंजीकृत कार्यालयः F-26 फर्स्ट फ्लोर, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली–110001
फोनः 0120-4807100, फैक्सः 0120-4807172
ईमेलः investors@aajtak.com

**सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के संचालक मंडल की सभा सोमवार दिनांक 20 मई 2019 को होनी निर्धारित हुई है, जिसमें अन्य विषयों के साथ 31 मार्च 2019 को समाप्त हुई तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के स्टैंडअलोन एवं कन्सोलिडेटड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों एवं वित्तीय वर्ष 2018-19 के इक्विटी शेयरों पर लाभांश यदि हो तो, कि सिफारिश पर विचार किया जाएगा।

दिनांक : 25 अप्रैल 2019
स्थान : नई दिल्ली

कृत टी.वी. टुडे नेटवर्क लिमिटेड
आशीष सभरवाल
ग्रुप हेड सेक्रेटेरियल एवं कंपनी सचिव
सदस्यता नंबरः F4991

यह सूचना कंपनी वेबसाइट www.aajtak.intoday.in एवं स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी देखी जा सकती है।



**राकन स्टील्स लिमिटेड**
CIN: L27320UP1985PLC007582
आर/ओः एनएच–2 (बारा टोल प्लाजा से 1 कि.मी.), उमरान रानिया, कानपुर देहात–209311
कार्पोरेट कार्यालयः आनंद पैलेस, 10/499, एलन गंज, कानपुर– 208002
ई–मेलः support@rakansteels.co.in
टेली. नं. + 91 9598668666, वेबः www.rakansteels.co.in

**रु. 10/– प्रति से रु. 1/– प्रति में इक्विटी शेयरों के सम मूल्य के उप–विभाजन/ स्टॉक स्प्लिट के उद्देश्य से अभिलिखित तिथि की सूचना**

कम्पनी के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 42 तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू होने वाले अन्य प्रावधानों के अनुपालन में कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 61 (1) (डी) के अनुसार रु. 10/– प्रति से रु. 1/– प्रति में कम्पनी की इक्विटी शेयरों के सम मूल्य के उप विभाजन तथा रु. 10/– प्रति की इक्विटी शेयरों के बदले रु. 1/– प्रति के उप–विभाजित इक्विटी शेयरों को प्राप्त करने के लिये अधिकृत सदस्यों/शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिये "शुक्रवार, 10 मई, 2019" को अभिलिखित तिथि निर्धारित किया है। तदनुसार, रु. 10/– प्रति की सम मूल्य वाले शेयर स्वतः निरस्त हो जाएंगे तथा उक्त अभिलिखित तिथि अर्थात 10 मई, 2019 से अप्रभावी हो जाएंगे।

एतद्द्वारा कम्पनी वचन देती है कि वह अभिलिखित तिथि के अगले कारोबारी दिवस पर दिवस की शुरुआत (बीओडी) से पूर्व कार्यान्वयन के लिये दोनों डिपॉजिटरीज– एनएसडीएल एवं सीडीएसएल में ऑटो–कॉर्पोरेट एक्शन स्थापित करेगी।

निदेशक मंडल की ओर से
राकन स्टील्स लिमिटेड के लिये
हस्ता./–
कानन अग्रवाल
प्रबंध निदेशक, DIN: 07318672

तिथिः 25 अप्रैल, 2019
स्थानः कानपुर